पीपुल्स समाचार www.peoplessamachar.in
अपना इंदौर
इंदौर, बुधवार 10 जुलाई, 2024

लोस स्पीकर ने सदन की कार्रवाई के अपने अनुभव पार्षद-एमआईसी सदस्यों से किए साझा

इंदौर देश का ऐसा पहला नगरीय निकाय जिसने बॉण्ड जारी किया : ओम बिरला

पीपुल्स संवाददाता ● इंदौर
मो.नं. 9584460010

इंदौर नगर निगम द्वारा निगम परिषद् हॉल में 'सदन की बात, लोकसभा अध्यक्ष के साथ' कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने सदन की कार्रवाई को लेकर अपने अनुभव इंदौर नगर निगम के पार्षद और एमआईसी सदस्यों से साझा किए। उन्होंने कहा- सदन की सुंदरता भवन नहीं, वहां होने वाली डिबेट से होती है। इंदौर की प्रशंसा करते हुए कहा- इंदौर भारत की पहली सोलर सिटी बनेगा। सोलर प्लांट के लिए पब्लिक इंशु लाने वाले देश का पहला नगरीय निकाय है, साथ ही पीएम के नेतृत्व में किए गए कार्यों के परिणामस्वरूप देश में लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति आमजन का विश्वास बढ़ा है।

सदन में कैसा संवाद किया जाए... तय करें- उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से इंदौर ने स्वच्छता पर कार्य किया है, उसी प्रकार हरियाली और पर्यावरण पर कार्य करते हुए 51 लाख से अधिक पौधारोपण करने जा रहा है। मुझे विश्वास है कि इंदौर कार्बन उत्सर्जन में भी नंबर वन बनेगा।

संस्था संघ मित्र व अन्य सहयोगी संस्थाओं ने लोकसभा अध्यक्ष का सम्मान किया।

मैंने बिरलाजी से बहुत कुछ सीखा

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि अध्यक्ष महोदय जिस भी क्षेत्र में जाते हैं, उस क्षेत्र की अच्छी-खासी जानकारी रखते हैं। मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा है। सदन में वह पूरी गंभीरता से, न्यायप्रियता से और निष्पक्षता के साथ सभी को बोलने का मौका देते हैं। उन्होंने कहा- जिस प्रकार से लोकसभा में सभी को डिबेट के समय किस प्रकार का व्यवहार रखना चाहिए, किस प्रकार से सदन को चलाना चाहिए... इसकी जानकारी सभी हमारे परिषद् के सदस्यो को दें, क्योंकि सदन की सुंदरता उसके भवन से नही होती है, सदन की सुंदरता वहां होने वाली शानदार डिबेट से होती है।

मार्गदर्शन के लिए विशेषज्ञों को इंदौर भेजें

लोकतंत्र में हम सभी को फ्रीडम ऑफ स्पीच के तहत जो मौलिक अधिकार मिला है और उस अधिकार का सदन में बेहतर और संविधान की गरिमा अनुसार उसका निर्वहन हमारा कर्त्तव्य है। इस कार्यक्रम पक्ष और विपक्ष दोनों शामिल थे। सर्वोच्च सदन में जिस प्रकार से सदन को गरिमामय, परम्परा व संविधान के अनुसार चलाया जाता है, उसी तरह से इंदौर के निगम परिषद् को चलाने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन देने के लिए विशेषज्ञों को इंदौर भेजें।

सभी को बोलने का अवसर दिया

सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष के मार्गदर्शन में विगत 5 वर्षों से पक्ष-विपक्ष के सांसदों की उपस्थिति में लोकसभा सदन में बेहतर माहौल में चर्चा होती आई है, लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में नई परम्परा और नया इतिहास बनाया है। सांसदों को भी सदन में बोलने का बेहतर अवसर प्राप्त होता है। परिवार के मुखिया की तरह वह सभी सदस्यों का ध्यान रखते हैं। शून्यकाल के दौरान सांसद अपने क्षेत्र की समस्या सदन में रखते हैं।

कर्मयोग की प्रेरणा देती अहिल्या नगरी

ओम बिरला के मां अहिल्या की नगरी में आगमन पर संस्था संघ मित्र व अन्य सहयोगी संस्थाओं द्वारा उनका रवीन्द्र नाट्यगृह में नागरिक अभिनंदन किया गया। इस मौके पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री विजयवर्गीय, महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा लोकसभा अध्यक्ष का अभिनंदन पत्र, मोमेंटो देकर नागरिक अभिनंदन किया गया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि इंदौर मां अहिल्या की धरती के नाम से जाना जाता है, जो कि अपनी आध्यात्मिकता, धर्म और कर्मयोग की प्रेरणा के लिए प्रसिद्ध है। अपने शहर जैसा मान-सम्मान पाकर बहुत खुश हूं।

वाहन में सुरक्षित आएं बच्चे... यह देखना अब आपकी जिम्मेदारी है: आरटीओ

स्कूल संचालकों को दो टूक, लापरवाही होने पर स्कूल की भी जिम्मेदारी

पीपुल्स संवाददाता ● इंदौर
editor@peoplessamachar.co.in

शहर के स्कूलों के संचालकों को अब अपने यहां वैन और ऑटो रिक्शा में आने वाले बच्चों के सुरक्षित सफर का भी ध्यान देना होगा। अब वे यह कहकर नहीं बच सकेंगे कि वे निजी वाहनों से आते हैं। आरटीओ ने मंगलवार को एक बैठक लेकर स्कूल संचालक और उनके प्रतिनिधियों को इस संबध में स्पष्ट निर्देश दिए, वहीं उनसे सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन का पालन करने के भी निर्देश दिए।

मंगलवार दोपहर आरटीओ में हुई बैठक में आरटीओ प्रदीप शर्मा, एआरटीओ अर्चना मिश्रा ने स्कूलों को निर्देश दिए कि वे ऐसे वाहनों में भी नियमों का पालन सुनिश्चित करें, ताकि बच्चे सुरक्षित रूप से स्कूल आ-जा सकें। आरटीओ ने बताया कि वैन और ऑटो रिक्शा में ठूंसकर बच्चों के परिवहन के दृश्य आम हो चुके हैं। हमारी टीम रोजाना ही ऐसे वाहनों को पकड़ रही है, इसलिए जिला प्रशासन ने तय किया है कि ऐसे वाहनों की सुरक्षा को लेकर स्कूल प्रबंधन भी ध्यान दें।

शर्मा ने संचालकों से कहा कि निजी वाहनों से स्कूल जाने वाले बच्चों को लेकर हमेशा से ही स्कूल संचालक यह कहकर बचते आए हैं कि जो बच्चे हमारे वाहनों से स्कूल नहीं आते, उनके आने-जाने की जिम्मेदारी पालकों की है, हमारी नहीं, लेकिन अब आप ऐसा कहकर नहीं बच सकते हैं। प्रशासन ने तय किया है कि अगर आपके स्कूल में बच्चा किसी भी वाहन से आ रहा है तो आपको देखना होगा कि वो वाहन में सुरक्षित है या नहीं। वाहन में ओवरलोडिंग या ओवरस्पीडिंग तो नहीं हो रही है। लापरवाही होने पर स्कूल की भी जिम्मेदारी तय करते हुए कार्रवाई की जाएगी।

इन बिन्दुओं का पालन करवाएं स्कूल संचालक

- मार्ग के मध्य पड़ने वाली पुल पुलिया पर पानी का बहाव होने पर वाहन को पार न करें।
- वाहनों को नियंत्रित गति से संचालित किया जाना सुनिश्चित किया जाए।
- वर्षाकाल के पूर्व वाहन में समस्त मैंटेनेंस कार्य पूर्ण किया जाए।
- वाहन चालक ड्राइविंग करते समय मोबाइल पर बात न करें।
- वाहन चालक ड्राइविंग करते समय सीट बेल्ट अनिवार्य रूप से लगाकर रखें।
- सभी शैक्षणिक संस्थान की बसों में महिला कण्डक्टर अनिवार्य रूप से रखें।
- वाहन में प्रवेश व निर्गम द्वार पृथक-पृथक एवं आपात् द्वार ठीक से खुल रहे हों, उसे खोलने में कोई बाधा उत्पन्न न हो।
- वाहन में अग्निशमन यंत्र (चालू हालत में) एवं प्रथम उपचार पेटी होना आवश्यक है।
- वाहन के वैध दस्तावेज (पंजीयन प्रमाण-पत्र, बीमा, फिटनेस एवं परमिट) होने पर ही वाहन का संचालन करें।
- चालक वाहन की ड्राइविंग सीट पर बैठने के पूर्व अपना मोबाइल परिचालक को सौंप दें, किसी भी दशा में वाहन चलाते वक्त मोबाइल का उपयोग न करें।
- बारिश के दौरान रोड पर वाहनों से थोड़ी ज्यादा डिस्टेंस रखें, ताकि जरूरत पड़ने पर वाहन को आराम से रोका जा सके। बारिश के दौरान कभी भी हैवी ब्रेक नहीं लगाएं, जिससे वाहन फिसलने का खतरा हो।
- खराब टायरों की वजह से वाहन फिसलने का डर बना रहता है, इसलिए टायरों की जांच करा लें और जरूरत हो तो उन्हें बदलवा लें।

कुसुम-सी योजना के प्रस्तावों पर नियमानुसार मंजूरी दी जाए: तोमर

पीपुल्स संवाददाता ● इंदौर
मो.नं. 7879619664

बिजली गुणवत्ता से दी जाए, ट्रिपिंग में कमी लाई जाए, वॉल्टेज संबंधी शिकायतें भी कम होनी चाहिए। बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों में कमी आने से ही यह पता चलेगा कि हमारा कार्य गुणवत्ता के साथ चल रहा है। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक अमित तोमर ने ये निर्देश दिए। वे मंगलवार को कंपनी क्षेत्र के इंदौर सहित 15 जिलों के 80 बिजली इंजीनियरों की वृहद मीटिंग में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा सौर ऊर्जा उत्पादन के लिए कंपनी के कार्मिक गंभीरता से कार्य करें। कुसुम-सी योजना के तहत 11 केवी फीडरों के माध्यम से किसान द्वारा बंजर भूमि पर उत्पादित बिजली प्रवाहित की जाना है। इसके प्रस्ताव मंजूर कर अग्रिम कार्रवाई के लिए वरिष्ठ कार्यालय समय पर भेजे जाएं। वर्तमान में फील्ड में 17 प्रस्तावों का परीक्षण किया जा रहा है। रूफ टॉप सोलर नेट मीटरिंग के आवदेनों को भी जल्दी मंजूरी दी जाए। तोमर ने विभागीय जांच समय पर करने, सीएम हेल्पलाइन पर आई शिकायतों, मांगी गई सुविधाओं को लेकर समय पर कार्रवाई को कहा।

पुणे उड़ान फिर लेट, यात्री फिर परेशान

इंदौर। देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट पर पुणे से आने वाले यात्रियों को सोमवार रात को परेशानी का सामना करना पड़ा। उड़ान अपने तय समय से एक घंटे देरी से आई। इधर मंगलवार को मुंबई की उड़ानें तो तय समय पर आईं, लेकिन दिल्ली से आने वाली उड़ानें शेड्यूल बिगड़ने से लेट हो गईं।

प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार इंडिगो एयर लाइंस की फ्लाइट 6ई-147/284 रात 11.55 बजे इंदौर से पुणे जाती है और रात 2.50 बजे पुणे से वापस इंदौर आती है, लेकिन यह फ्लाइट सोमवार रात साढ़े तीन बजे इंदौर आई, जिससे यात्री परेशान हो गए।

डीएवीवी से संचालित होगा 'नर्सिंग' दस साल बाद फिर से जुड़ा विवि

पीपुल्स संवाददाता ● इंदौर
मो.नं. 9009585701

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय 10 साल बाद एक बार से नर्सिंग पाठ्यक्रम की परीक्षा लेने की तैयारी में जुट गया है। नर्सिंग कॉलेजों में गड़बड़ी और अनियमितताओं की शिकायतें आने के बाद उच्च शिक्षा विभाग ने यह निर्देश जारी किया है।

इसके बाद देवी अहिल्या विश्वविद्यालय अब नर्सिंग पाठ्यक्रम की परीक्षा लेने की तैयारी कर रहा है। नए अध्यादेश, नियम और परीक्षा योजना बनानी होगी। प्रक्रिया अगस्त से पहले पूरी की जाएगी। इसके लिए चार-चार सदस्यों वाला बोर्ड परीक्षा योजना बनाएगा।

नर्सिंग कॉलेजों में गड़बड़ी और अनियमितताओं की शिकायतें सामने आई हैं। कई कॉलेजों की मान्यता पर सवाल खड़े हुए हैं। बता दें कि 10 साल पहले जबलपुर स्थित मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में मेडिकल पाठ्यक्रम ट्रांसफर कर दिया गया था। विवि प्रशासन को बोर्ड ऑफ स्टडीज और डीन तय करने होंगे। इसके पश्चात विवि परीक्षा ले सकेगा। विवि ने एक सप्ताह पहले स्थायी समिति की बैठक बुलाई गई थी। इसमें नर्सिंग पाठ्यक्रम की परीक्षा लेने पर सहमति बनी। 10 साल बाद दोबारा विश्वविद्यालय में नर्सिंग पाठ्यक्रम जोड़ा जा रहा है, मगर विवि के दायरे में आने वाले कॉलेजों में पाठ्यक्रम संचालित करने को लेकर नए सिरे से अध्यादेश तैयार करना होगा। उसके लिए विवि को बोर्ड ऑफ स्टडी गठित करना होगी।

शहर कांग्रेस की महत्वपूर्ण विधानसभा वार्ड बैठक आज

पीपुल्स संवाददाता ● इंदौर
मो.नं. 9584691000

शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरजीतसिंह चड्ढा ने बताया कि शहर कांग्रेस की विधानसभा वार्ड महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन पर आयोजित होगी। बैठक में प्रदेश कांग्रेस द्वारा मनोनीत प्रभारी अवनीश भार्गव, गजेंद्र सिंह सिसोदिया एवं रवि जोशी के साथ नगर निगम में प्रतिपक्ष नेता चिंटू चौकसे के साथ वरिष्ठ कांग्रेस नेता पंडित कृपाशंकर शुक्ला विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। विधानसभा एक की बैठक सुबह 11.30 से 1.00 बजे तक विधानसभा तीन की बैठक दोपहर 1.00 से 2.30 बजे तक, विधानसभा दो की बैठक 2.30 से 4.00 बजे तक, विधानसभा पांच की बैठक 4 से 5.30 बजे तक एवं अंत में विधानसभा चार की बैठक 5.30 से 7.00 बजे तक कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन में होगी। बैठक में विधानसभा प्रभारी करण, पार्षद, ब्लॉक एवं मंडलम अध्यक्ष, मोर्चा संगठन एवं प्रकोष्ठों के अध्यक्ष को आमंत्रित किया गया है।

बैठक में संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की जाएगी। बैठक की रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को भेजी जाएगी।

महू-वैष्णोदेवी त्रिसाप्ताहिक स्पेशल अब 31 जुलाई तक चलेगी, यात्रियों को राहत

पीपुल्स संवाददाता ● इंदौर
मो.नं. 9584691000

रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए महू से वैष्णोदेवी के लिए त्रिसाप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया था। बेहतर रिस्पांस को देखते हुए रेलवे ने इसका विस्तार 31 जुलाई तक कर दिया है। इससे अमरनाथ जाने वाले यात्रियों को फायदा होगा।

सीनियर पीआरओ प्रदीप शर्मा ने बताया कि विगत 27 जून को रेलवे ने डॉ. आंबेडकर नगर से श्रीमाता वैष्णोदेवी कटड़ा के मध्य गाड़ी संख्या 09321/09322 डॉ. आंबेडकर नगर श्रीमाता वैष्णोदेवी कटड़ा त्रि-साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में कुल 12 फेरे स्पेशल किराया के साथ चलाने का निर्णय लिया था। यह ट्रेन महू से 10 जुलाई तक और कटड़ा से 11 जुलाई तक चलना थी, लेकिन अब इसका विस्तार महू से 31 जुलाई तक और कटड़ा से 1 अगस्त तक कर दिया गया है। गाड़ी संख्या 09321 डॉ. आंबेडकर नगर श्रीमाता वैष्णोदेवी कटड़ा स्पेशल प्रति सोमवार, बुधवार एवं शनिवार को डॉ. आंबेडकर नगर से सुबह 10.30 बजे चलकर रतलाम मंडल के इंदौर, देवास, उज्जैन, मक्सी, बेरछा, अकोदिया, शुजालपुर, कालापीपल एवं सीहोर होते हुए अगले दिन शाम चार बजे कटड़ा पहुंचती है। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09322 श्रीमाता वैष्णोदेवी कटड़ा डॉ. आंबेडकर नगर सुपरफास्ट स्पेशल श्रीमाता वैष्णोदेवी कटड़ा से प्रति मंगलवार, गुरुवार एवं रविवार को रात 9.40 बजे चलकर रतलाम मंडल के सीहोर, कालापीपल, शुजालपुर, अकोदिया, बेरछा, मक्सी, उज्जैन, देवास एवं इंदौर होते हुए अगले दिन रात 11.50 पर डॉ. आंबेडकर नगर पहुंचती है। इस ट्रेन का दोनों दिशाओं में इंदौर, देवास, उज्जैन, मक्सी, बेरछा, अकोदिया, शुजालपुर, कालापीपल, सीहोर, संत हिरदाराम नगर, भोपाल, विदिशा, गंजबासौदा, बीना, ललितपुर, बबीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ग्वालियर, धौलपुर स्टेशनों पर ठहराव दिया गया है।

एक पेड़-खेत की मेड़... हर जिले में एक लाख पौधों का रोपण

किसान मोर्चा की संभागीय बैठक में हुआ तय

पीपुल्स संवाददाता ● इंदौर
मो.नं. 9584691000

भाजपा किसान मोर्चा की संभागीय बैठक मंगलवार को जाल सभागृह में हुई। इसमें किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दर्शनसिंह चौधरी भी शामिल हुए। उन्होंने कहा- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम लगाने का आह्वान किया है। इसमें किसान मोर्चा की भूमिका अहम होगी, क्योंकि हम खेती-किसानी से जुड़े हैं। हमारे पास पर्याप्त जमीन है। गांव की पगडंडी है। जंगल है। गांव के रास्ते हैं। खेतों की मेड़ है। इन पर कार्यकर्ता एक पेड़-खेत की मेड़ का लक्ष्य लेकर किसान मोर्चा प्रत्येक जिले में एक लाख पेड़ लगाने का काम करेगा।

इस दौरान दर्शनसिंह चौधरी ने कहा कि होशंगाबाद में धनबल और जनबल का चुनाव था, जिसमें कार्यकर्ताओं के परिश्रम और जनता के विश्वास की जीत हुई, धनबल और बाहुबल हार गया। भाजपा को कार्यकर्ताओं की पार्टी ऐसे ही नहीं कहा जाता, कार्यकर्ताओं ने निःस्वार्थ भाव से पूरे प्राण से पार्टी को जिताने का काम किया। कार्यकर्ताओं के इसी निःस्वार्थ भाव के फलस्वरूप ही भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है।

kotak कोटक महिन्द्रा बैंक लि.

ई- नीलामी सह बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना

पंजीकृत कार्यालय : 27 बीकेसी, सी27, जी ब्लाक, बांद्रा कुर्ला काम्पलेक्स, बांद्रा (ई.), मुम्बई-400 051(महा.)
कार्पोरेट कार्यालय: कोटक इनिफिनिटी, जोन-II, चौथी मंजिल, बिल्डिंग नं. 21, इनफिनिटी पार्क, डब्ल्यू.ई. हाइवे, गोरेगांव, मुम्बई-400 097 (महा.)
शाखा/क्षेत्रीय कार्यालय: कोटक महिन्द्रा बैंक लि., पांचवी मंजिल, मेनो टॉवर रिजर्व नगर, इंदौर (म.प्र.)-452001

एतद् द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से ऋणी/सह-उधारकर्ता/गारंटर को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी को गिरवी रखी गई है, जिसका भौतिक कब्जा कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा 29-03-2023 को लिया गया है। जिसे "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर बेचा जाएगा,अचल संपत्ति की बिक्री के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा हमारे ई-नीलामी सेवा भागीदार, मे. सी1 इंडिया प्रायवेट लिमिटेड यानि www.c1india.com के वेब पोर्टल के माध्यम से आनलाईन जमा करने के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते है, जिसका विवरण नीचे दिया गया है :-

ऋणकर्ता(ओ) /गयारंट(रो)/मार्टगेजर (रो) का नाम	मांग पत्र दिनांक एवं राशि	अचल संपत्ति का विस्तृत विवरण	आरक्षित मूल्य	अचल संपत्तियों के निरीक्षण की तिथि
बीबीए-डब्लूसी ऋण संख्या 818044000929 और सीआरएन संख्या 99340257 1. मे. अभिनंदन एंटरप्राइजेज (उधारकर्ता) 6, विमनबाग मंडी, व्यास कुट्टी, आगर रोड उज्जैन (म.प्र.) 2. श्री जितेन्द्र राठौर पिता नंद किशोर राठौर (सह-उधारकर्ता) 3. श्री नंद किशोर राठौर पिता मूल चंद राठौर (सह-उधारकर्ता) 4. श्री संतोष कुमार राठौर पिता नंद किशोर राठौर (सह-उधारकर्ता) 5. श्रीमती रुखमणी बाई राठौर पति नंद किशोर राठौर (सह-उधारकर्ता) सभी का पता: 6/1 अशोक मंडी विमनजंग मंडी उज्जैन (म.प्र.) (सह-उधारकर्ता/गारंटर)	डिमांड नोटिस दिनांक 18 जुलाई 2019, रु. 22,81,842.87/- (बाईस लाख इक्यासी हजार आठ सौ बयालीस और सतासी पैसे मात्र) 12/7/19 तक	संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा जो प्लॉट क्रमांक 6ए विमनगंज मंडी उज्जैन (म.प्र.)-456006 है, जिसका माप 59.43 वर्ग फीट मीटर है, श्री नंद किशोर राठौर के स्वामित्व में है, जो उपर्जाकरण जिला- उज्जैन और रजिस्ट्रार कार्यालय उज्जैन म.प्र. की सीमा के भीतर है।	रु. 16,20,000/- (रु. सोलह लाख बीस हजार मात्र) बयाना राशि जमा (ईएमडी) रु. 1,62,000/- (रुपये एक लाख बासठ हजार मात्र)	25/07/2024 11:00 बजे — 12:00 बजे नीलामी की तिथि/समय 01/08/2024 11:00 बजे — 12:00 बजे

बोली वृद्धि राशि 50,000/- प्रस्ताव / ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि : - 31/07/2024 शाम 5.00 बजे तक

बिक्री के महत्वपूर्ण नियम और शर्तें :

(1) नीलामी बोली दस्तावेज के आगे के नियमों और शर्तों के अनुसार और उसमें निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आयोजित की जाएगी। बोलीदाता हमारे ई-नीलामी सेवा प्रदाता, मेसर्स सी1 इंडिया प्रा. लिमिटेड की वेबसाइट देख सकते हैं यानी https://www.bankeauctions.com ई--नीलामी के लिए रखी गई सुरक्षित संपत्तियों का विवरण और बोली प्रपत्र जो आनलाईन जमा किया जाएगा। (2) सभी इच्छुक खरीददारों/बोलीदाताओं को ऊपर उल्लिखित वेब पोर्टल https://www.bankeauctions.com में अपना नाम पंजीकृत कराना होगा और ई--नीलामी में भाग लेने के लिए अपना यूजर आईडी और पासवर्ड मुफ्त में जेनरेट करना होगा। पूर्वोक्त तिथि और समय पर ; (3) ई--नीलामी पर किसी भी पूछताछ, सूचना, समर्थन, प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए, संभावित बोलीदाता हमारे ई--नीलामी सेवा भागीदार मेसर्स सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड विभाग से श्री मिथलेश कुमार मोबाइल नंबर: 70808 04466 और ई--मेल आईडी: mpcg@c1india.com और support@bankeauctions.com से संपर्क कर सकते है। (4) प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी और जानकारी के अनुसार, संपत्तियों पर कोई भार नहीं है। हालांकि इच्छुक बोलीदाता ऊपर वर्णित या पूर्व नियुक्ति के साथ किसी अन्य तिथि और समय पर संपत्ति और उसके दस्तावेजों का निरीक्षण कर सकते है और उन्हें ई--नीलामी पर अपनी बोली जमा करने से पहले संपत्ति को प्रभावित करने वाले दावों/अधिकार पर भार, संपत्ति के शीर्षक के बारे में अपनी स्वतंत्र जांच करनी चाहिए। ई--नीलामी विज्ञापन केएमबीएल की कोई प्रतिबद्धता या कोई प्रतिनिधित्व नहीं है। संपत्ति को सभी भौजूदा और भविष्य के भारों के साथ बेचा जा रहा है, चाहे केएमबीएल को ज्ञात हो या अज्ञात। प्राधिकृत अधिकारी/प्रतिभूत लेनदार किसी तीसरे पक्ष के दावों/अधिकारों/बकायों के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होंगे। ई--नीलामी में भाग लेने के लिए इच्छुक खरीददारों/बोलीदाताओं को वेब पोर्टल (https://www.bankeauctions.com) पर ब्याज मुक्त वापसी योग्य बयाना जमा (ईएमडी) के भुगतान का विवरण जमा/अपलोड करना होगा। दिल्ली में देय 'कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड' के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से सुरक्षित संपत्ति, पैन कार्ड, आधार कार्ड, निवास के पते के प्रमाण, कंपनी के मामले में बोर्ड के प्रस्तावों और पते के प्रमाण की स्व-सत्यापित प्रतियों के साथ जैसा की ऊपर निर्दिष्ट किया गया है।(5) अन्य सभी बोलीदाताओं की ईएमडी जो ई--नीलामी में सफल नहीं हुए, उन्हें केएमबीएल द्वारा ई--नीलामी बंद होने के 72 कार्य घंटों के भीतर वापस कर दिया जाएगा। ईएमडी पर कोई ब्याज देय नही होगा।

सरफेसी अधिनियम के नियम 6(2), 8(6) और 9(1) के तहत ऋणी/बंधक/गारंटर को एतद्वारा 15 दिनों का वैधानिक नोटिस दिया जाता है। ताकि देयता का पूर्ण निवर्हन किया जा सके और भुगतान किया जा सके। इस नोटिस की तारीख से तीस दिनों के भीतर अद्यतन ब्याज और व्यय के साथ ऊपर उल्लिखित देय राशि का भुगतान करें और ऐसा न करने पर सुरक्षित संपत्ति को ऊपर उल्लिखित नियमों और शर्तों के अनुसार बेचा जाएगा। अंग्रेजी और वर्नाक्यूलर समाचार पत्र में बिक्री नोटिस के प्रकाशन के बीच कोई विसंगति होने की स्थिति में, तो ऐसे मामले में अंग्रेजी समाचार पत्र स्थानीय समाचार पत्र का स्थान लेगा और इसे अंतिम प्रति के रूप में माना जाएगा, इस प्रकार अस्पष्टता को दूर किया जाएगा। यदि उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता बैंक को देय राशि का भुगतान बिक्री की तारीख से पहले पूरी तरह से कर देता है, तो नीलामी रोक दी जाएगी। बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए हमारे अधिकृत अधिकारी श्री प्रशांत सातपुते @9724433999 और श्री अशोक मोटवानी @ 9873737351 पर बैंक के उपर्युक्त क्षेत्रीय कार्यालय में संपर्क करें।

विशेष निर्देश:- ई--नीलामी हमारे सेवा प्रदाता मेसर्स सी1 इंडिया प्रा. लिमिटेड द्वारा संचालित की जाएगी। कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड (केएमबीएल) की ओर से, पूर्व-निर्दिष्ट तिथि पर, जबकि बोलीदाताओं को आरक्षित मूल्य से ऊपर अपनी पसंद के अनुसार अपने स्वयं के घर/कार्यालयों/अपनी बोली के स्थान से उद्धृत करना होगा। इंटरनेट कनेक्टिविटी और अन्य सामग्री आवश्यकताओं को बोली लगाने वालों को स्वयं सुनिश्चित करना होगा। कृपया ध्यान दें कि इंटरनेट कनेक्टिविटी की विफलता (किसी भी कारण से जो भी हो) की पूरी जिम्मेदारी बोलीदाताओं की होगी और न तो केएमबीएल और न ही सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड इन अप्रत्याशित परिस्थितियों के लिए जिम्मेदार होगा। ऐसी आकस्मिक स्थिति से बचने के लिए, बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे सभी आवश्यक व्यवस्था/विकल्प जो भी आवश्यक हों, करें ताकि वे ऐसी स्थिति से बचने में सक्षम हों और फिर भी ई--नीलामी में सफलतापूर्वक भाग ले सकें। तथापि, बोलीदाताओं से अनुरोध है कि ऐसी किसी भी जटिल स्थिति से बचने के लिए अपनी बोली को उद्धृत करने/सुधारने के लिए अंतिम क्षण तक प्रतीक्षा न करें।

स्थान: उज्जैन
दिनांक : 10.07.2024

हस्ते/-(प्राधिकृत अधिकारी), कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड

सुबह से बादल छाने के कारण उमसभरी गर्मी से परेशान हो गए लोग, आंधी-तूफान की चेतावनी

जुलाई के दूसरे सप्ताह में पश्चिम क्षेत्र में जोरदार बारिश, पूर्वी में हल्की-फुल्की

पीपुल्स संवाददाता ● इंदौर
मो.नं. 9009585701

पिछले सप्ताहभर में लगातार जोरदार बारिश का इंतजार शहरवासी कर रहे हैं। सुबह से बादल छाने के कारण उसमभरी गर्मी से लोग परेशान हो गए। मंगलवार दोपहर पश्चिमी और मध्यक्षेत्र में तेज बारिश हुई, वहीं विजयनगर, पलासिया, कनाड़िया, शिवाजी वाटिका आदि सहित शहर के पूर्वी क्षेत्र में हल्की बारिश भी हुई है। सुबह से बादल छाने के बाद हल्की बूंदाबांदी हुई। तापमान में भी बढ़ोतरी हुई है। पिछले दिनों की अपेक्षा पांच डिग्री बढ़कर 33.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से दो डिग्री अधिक था। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार... 24 घंटों में क्षेत्र के कई हिस्सों में भारी बारिश हुई। देवास जिले के कन्नौद में 85 मिमी के साथ क्षेत्र में सबसे अधिक वर्षा दर्ज की गई। इसके बाद बड़वानी, देवास, मंदसौर, खरगोन खंडवा, शाजापुर, रतलाम, इंदौर और उज्जैन के कुछ हिस्सों में बारिश हुई।

देवास के खातेगांव और देवास शहर में क्रमशः 62 और 61 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि देवास के सतवास में भी 56 मिमी बारिश दर्ज की गई। बड़वानी के निवाली में 48 मिमी, देवास के टोंकखुर्द में 42 मिमी दर्ज की गई।

सक्रिय है मानसून ट्रफ

भोपाल मौसम विभाग के अनुसार मानसून ट्रफ अब सक्रिय है, जो जैसलमेर, भीलवाड़ा, रायसेन, राजनांदगांव और पुरी से लेकर ओडिशा के तट तक पूर्व की ओर बंगाल की खाड़ी तक फैली हुई है। दक्षिणी गुजरात पर एक चक्रवाती हवा का क्षेत्र बना हुआ है। वर्तमान में निम्न दबाव वाले क्षेत्रों का विकास पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर झुका हुआ है। सभी जिलों के लिए आंधी-तूफान की चेतावनी जारी की गई है।